पेपर संख्या–02

# सामान्य अध्ययन – I (2025)

1 -रुपये की विनिमय दर में आ रही गिरावट के निम्न में से कौन से प्रभाव हो सकते है -
1 -आयातित कच्चा माल महंगा होगा जिससे उत्पादन लागत बढ़ेगी ।
2 -क्रय शक्ति कम होगी ।
3 -भारत में विदेशी निवेश प्रवाह कम हो जायेगा ।
4 -निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा ।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

2 -रुपये की विनिमय दर में गिरावट के पीछे कौन -कौन से कारण हो सकते है -
1 -बढ़ता व्यापार घाटा ।
2 -भारतीय बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ।
3 -अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती ।
4 - सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में कमी ।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

3 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -खेल रत्न पुरस्कार पाने वाले खिलाडी को मेडल, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रूपये नकद मिलते हैं ।
2 -अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाडी को 15 लाख रूपये नकद, अर्जुन की मूर्ति और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है ।
3 -द्रोणाचार्य पुरस्कार पाने वाले कोच को द्रोणाचार्य की एक कांस्य प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र और 10 लाख नकद राशि दी जाती है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

4 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार शतरंज खिलाडी डी गुकेश, निशानेबाज मनु भाकर, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को प्रदान किया गया है ।
2 -द्रोणाचार्य पुरस्कार दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी), सुभाष राणा (पैरा-निशानेबाजी)औरसंदीप सांगवान (हॉकी) को दिया गया है ।
3 - लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार पहले पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर और सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स) को दिया गया है ।
4 -द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम) श्रेणी में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मैनेजर अर्मांडो कोलासो और बैडमिंटन

कोच एस मुरलीधरन शामिल है
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

5 -निम्न में कौन -कौन से सही सुमेलित है -

| | |
|---|---|
| 1 -साजन प्रकाश | तैराकी |
| 2 -स्वप्निल सुरेश कुसाले | निशानेबाजी |
| 3 -वंतिका अग्रवाल | शतरंज |
| 4 -सलीमा टेटे | हॉकी |
| 5 -ज्योति याराजी | एथलेटिक्स |
| 6 -अभय सिंह | स्क्वाश |
| 7 –स्वीटी | मुक्केबाजी |

6 -निम्न पर विचार करो -
1 -गोल्डन ग्लोब्स अवार्ड्स 2024 के लिए क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'ओपेनहाइमर 'ने पांच अवार्ड प्राप्त किए है ।
2 -टीवी सीरीज सक्सेशन (Succession) ने ड्रामा कैटगरी में बेस्ट टीवी शो सहित चार अवार्ड प्राप्त किए है ।
3 -सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर गैर-अंग्रेजी भाषा की श्रेणी में फ्रांस की 'एमिलिया पेरेज' गोल्डन ग्लोब पुरस्कार प्राप्त किया है ।
4 -पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर गैर-अंग्रेजी भाषा की श्रेणी में नामांकित थी ।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

7 -कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -1973 में, ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूहों (पीटीजी) को एक अलग श्रेणी के रूप में परिभाषित किया था जिन्हे आहे चलकरर PVTG नाम दिया गया ।
2 -भारत में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी समुदाय फैले हुए हैं।
3 -ओडिशा में पीवीटीजी की संख्या सबसे अधिक (15) है, इसके बाद आंध्र प्रदेश (12) है ।
4 -स्थिर या घटती जनसंख्या पीवीटीजी स्थिति निर्धारित करने के मानदंडों में से एक है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

8 -केंद्रीय बजट 2023-24 के तहत 'प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन' की घोषणा की गई थी जिसके उद्देश्य है -
1 -पिछड़ी अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बस्तियों में सड़कों तक बेहतर पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।
2-मिशन को 9 मंत्रालयों के माध्यम से लागू किया जाएगा।
3 -सरकार ने इस योजना के लिए 24,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, पीएम-ग्राम सड़क योजना, पीएम-ग्राम आवास योजना, जल जीवन मिशन जैसी लगभग 11 योजनाएं इन लक्षित गांवों तक पहुंचाई जाएंगी।
उपरोक्त में से सही है-
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प

लक्ष्य IAS

(c) तीनो विकल्प
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

9 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -थ्री गॉर्जेस डैम (तीन घाटी बांध) चीन की यांग्त्ज़ी नदी पर निर्मित किया गया है
2 -जलविद्युत पेदा करने की क्षमता (22,500 मेगावाट) के मामले में यह दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत सयंत्र है
3 -नासा की एक रिपोर्ट के अनुसार थ्री गॉर्जेस बांध के कारण पृथ्वी का घूर्णन 0.06 माइक्रोसेकंड तक धीमा हो गया है
4 - विशाल बांध का जल भंडार पृथ्वी के द्रव्यमान को पुनर्वितरित करता है जो पृथ्वी की घूर्णन गति को प्रभावित करता है
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

10 -विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा प्रकाशित यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 रिपोर्ट में भारत का कौन सा स्थान है
(a) 39 वा
(b) 38 वा
(c) 54 वा
(d) 64 वा

11 - स्वालबार्ड (SVALBARD) द्वीपसमूह के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -यह आर्कटिक महासागर में स्थित एक द्वीपसमूह है।
2 -स्वालबार्ड वैश्विक औसत से सात गुना अधिक तेजी से गर्म हो रहा है।
3 -स्वालबार्ड के 91 फीसदी ग्लेशियर काफी हद तक सिकुड़ रहे हैं।
4 -ग्लोबल वार्मिंग के कारण आर्कटिक का जल स्तर तेज़ी से बढ़ रहा है जिससे यहाँ पर चरम मौसमी गतिविधियाँ देखने को मिल रही हैं।
5 -स्वालबार्ड का मुख्य शहर **लॉन्गइयरबेन (Longyearbyen)** 2,000 से अधिक लोगों की जनसंख्या वाला पृथ्वी का सबसे उत्तरी शहर है और पृथ्वी पर सबसे तेज़ गति से गर्म होने वाला शहर भी है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1 ,3
(b) केवल 2 ,3 ,4
(c) 1 ,2 ,3, 5
(d) सभी सही है

12 -वर्ष 1992 में **ब्राजील के रियो डी जनेरियो शहर** में आयोजित **"पृथ्वी शिखर सम्मेलन,"** में निम्न में से कौन -कौन सी संधिया स्वीकार की गई थी -
1 -जैव विविधता
2 -जलवायु परिवर्तन
3- मरुस्थलीकरण
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1, 2
(d) 1, 2, 3

13 -**कथन** -वर्षावन एक विशाल **"कार्बन सिंक"** है, जो **$CO_2$** जैसी ग्रीनहाउस गैसों को अवशोषित और

संग्रहीत करते हैं, तथा इन्हें वायुमंडल में प्रवेश करने से रोकते हैं, जहां ये वैश्विक तापमान वृद्धि की वजह बन सकती हैं।
**कारण** - वर्षावन मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न ख़तरों का सामना कर रहे हैं अवैध कटाई ने इस वन क्षेत्र के बड़े हिस्सों को बर्बाद कर दिया है।

14-निम्न कथनो पर विचार करो –
1 -अजरबैजान के बाकू शहर में हुए कॉप-29 में जलवायु वित्त पोषण के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति हुई, जिसके तहत 2035 तक विकासशील देशों को दी जाने वाली जलवायु सहायता धनराशि को तीन गुना बढ़ाकर प्रति वर्ष 300 अरब डॉलर करने के लक्ष्य पर सहमति हुई है।
2 -2025 में, वित्त पोषण को लेकर एक शिखर सम्मेलन स्पेन मेंआयोजित किया जाएगा। विकास के लिए वित्त पोषण सम्मेलन हर 10 साल में एक बार आयोजित किया जाता हैं।
3 -एक प्रशान्त द्वीपीय देश वानुआतु ने अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से सलाहकारी राय मांगी है ताकि जलवायु परिवर्तन से जुड़ी देशों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया जा सके और भविष्य में किसी भी न्यायिक कार्रवाई को दिशा दी जा सके।
4 -साल 2025 में संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन (कॉप30) का मेजबान ब्राजील के ऐमेजॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर होगा ।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

15 -टैरिफ़ के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1-टैरिफ़ किसी देश से आयात और निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर लगने वाला कर है।
2-टैरिफ़ निर्यात करने वाले की बजाय उत्पादों को आयात करने वाली फ़र्म पर लगाए जाते हैं।
3-टैरिफ़ का 'आर्थिक' बोझ अंत में उपभोक्ता पर पड़ेगा।
4-टैरिफ़ के जरिये कोई भी देश अपने व्यापर घाटे को कम कर सकती है।
उपरोक्त में से सही है –
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

16-गिलियन-बैरे सिंड्रोम के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो –
1-गुइलेन-बैरे सिंड्रोम एक ऐसी बीमारी है जिसमें रोगी के शरीर का इम्यून सिस्टम नर्व सिस्टम पर हमला करता है
2-यह एक सक्रामक रोग है।
3 -इसके सामान्य लक्षणों में हाथ-पैरों में झुनझुनी, रात के समय तेज दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, निगलने में दिक्कत और असामान्य दिल की धड़कन शामिल हैं।
4-यहबीमारी बक्ट्रीयल और वॉयरल सक्रमणो के बाद इम्यून सिस्टम कमजोर होने से होती है
उपरोक्तमेंसेसहीहै-
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c)तीनोविकल्प
(d)चारो सही है

17 -कुरजां(डेमोसाइल क्रेन) पक्षी के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 यह एक प्रवासी पक्षी है जो सर्दियों में साइबेरिया से भारत आते है।
2 -जैसलमेर जिले में फैले बर्ड फ्लू की वजह से बड़े पैमाने पर कुरजां(डेमोसाइल क्रेन) पक्षी मारे जा रही है
3 -चीन, मंगोलिया और कजाकिस्तान जैसे देशों से करीब चार हजार किलोमीटर का सफर तय कर कुरजां करीब 6 महीने भारत में प्रवास करता हैं।
4 -कुरजां में मिले एच5एन1 एवियन इंफ्लूएंजा पक्षियों में आसानी से फैलने वाला वायरस है यह जूनोटिक यानी जानवरों से इंसानों में फैल सकने वाली बीमारी है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

18 - विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के द्वारा मास्को घोषणा पत्र किस बीमारी के उन्मूलन के लिए जारी किया गया था
(a) टी बी
(b) मलेरिया
(c) एड्स
(d) पोलियो

19 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) भारत सरकार की एक योजना है जो 2018 में शुरू की गई थी।
2 -इस योजना के तहत, टीबी रोगियों को उपचार के दौरान हर महीने 1,000 रुपये दिए जाते हैं।
3 -भारत में टीबी के इलाज के लिए नेशनल रणनीति योजना (2017-2025) चलाई जा रही हैजिसका उद्देश्य 2030 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करना है।
4 -वर्ष 2023 में भारत में लगभग 25.2 लाख टीबी के मामले रिपोर्ट किए, जो 2022 में 24.2 लाख मामलों से अधिक हैं।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

20 - निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -विकासशील देशों में आय बढ़ने के साथ प्रजनन दर कम होती जाती है।
2 -भारत में टीयर 1 श्रेणी में आने वाले शहर अब टीएफआर के प्रतिस्थापन स्तर 2.1 तक के लक्ष्य हासिल कर रहे हैं।
3 -2030 तक टीयर 2 श्रेणी के शहर भी टीएफआर कम करने में सफल होंगे।
4 -भारत में स्वतंत्रता के बाद 1950 से 1960 के मध्य विश्व की सर्वाधिक टीएफआर दर्ज की गई जिसमें औसतन एक महिला के 6 से अधिक बच्चे थे अगर इस दौरान आर्थिक वृद्धि दर की बात करें तो यह न्यूनतम लगभग 3-3.5 के आसपास थी।
5 -राष्ट्रीय स्तर की टीएफआर जो 1970 में प्रति महिला 5 बच्चों से 2010 में लगभग 2.2 बच्चों तक आ गया।
उपरोक्त में से सही है -
(a) 1 ,4 ,5
(b) 2 ,3
(c) 2 ,3 ,4 ,5
(d) 1 ,2 ,3 ,4 ,5

21 -suppose an indian citizen makes an investment abroad and earns a positive return on her investment तो उसे किधर गिनोगे
(a) her income is part of india's GDP but not part of india's national income
(b) her income is part of india's national income but not part of india's GDP

(c) her income is part of both india's GDP and national income
(d) her income is neighter part of india's GDP nor its national income

22 -एक देश X में आर्थिक वृध्दि होगी यदि -
(a) there is a technical progress in the world
(b) there is population growth in X
(c) the volume of trade growth in X
(d) there is capital formation in X

22-**“स्वदेश दर्शन योजना”**के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -100% केंद्र वित्तपोषित योजना है, जिसे भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा 2014-15 में शुरू किया गया।
2 -स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रुपये की लागत से कुल 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें से 75 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।
3 -स्वदेश दर्शन योजना 2.0, जनवरी 2023 से प्रारम्भ की गई थी एसडी 2.0 के तहत गया और नालंदा को विकास के लिए चुना गया है।
4 -इस योजना के तहत 15 विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है- बौद्ध सर्किट, तटीय सर्किट, डेज़र्ट सर्किट, इको सर्किट, हेरिटेज सर्किट, हिमालयन सर्किट, कृष्णा सर्किट, नॉर्थ-ईस्ट सर्किट, रामायण सर्किट, ग्रामीण सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी सर्किट, तीर्थंकर सर्किट, जनजातीय सर्किट, वन्यजीव सर्किट।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

23 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -भारत सरकार ने 2014-2015 में प्रसाद योजना(तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) प्रारम्भ की थी।
2 -यह योजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए तीर्थ स्थलों को विकसित करने और उनकी पहचान करने पर केंद्रित है।
3 -इस योजना के तहत अब तक 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है।
4 -इस योजना के तहत सार्वजनिक वित्तपोषण के घटकों के लिये शत-प्रतिशत निधि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

24 - निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -1982 में भारत के योजना आयोग (वर्तमान नीति आयोग) द्वारा पर्यटन को एक उद्योग के रूप में मान्यता दी गई थी।
2 -विश्व पर्यटन मानचित्र पर भारत को एक अंतिम पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा 2002 में अतुल्य भारत अभियान शुरू किया गया था।
3 - **अतिथि देवो भवः अतुल्य भारत अभियान** के पूरक के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक कार्यक्रम है।
4 - 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है इस साल राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की थीम ‘समावेशी विकास के लिए पर्यटन’ है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

25 -सूचना का अधिकार कानून, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून,राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन किस पंचवर्षीय योजना के तहत लाये गए -
(a) 8 वी
(b) 9 वी
(c) 10 वी
(d) 11 वी

26 -निम्न में से संविधान सभा की इकलौती महिला दलित सदस्य कौन थी -
(a) दक्षयानी वेलायुधन
(b) अम्मू स्वामीनाथन
(c) एनी मैसकेरीन
(d) रेणुका रे

27 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -संविधान सभा में 299 सदस्य थे. इनमें 15 महिलाएँ थीं।
2 -संविधान सभा में सुचेता कृपलानी कांग्रेस की सदस्य रहते हुए नामंकित हुई थी जो जीवन पर्यन्त कांग्रेस की सदस्या बनी रही।
3 -मालती चौधरी संविधान सभा के लिए उड़ीसा (ओडिशा) से चुन कर आई थीं.इन्होने गांधी जी के साथ नोआखली के दंगा प्रभावित इलाकों में काम किया था।
4 -लीला रॉय विभाजन के विरुद्ध थी और इसी कारण इन्होने सविधान सभा से त्याग पत्र दे दिया था।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

लक्ष्य IAS

28 -निम्न कथनो पर विचार करो -
1 -जीएसएलवी-एफ15 इसरो का 100वां रॉकेट मिशन है।
2 -अपने ऐतिहासिक 100वें मिशन में, इसरो ने एक उन्नत नेविगेशन उपग्रह(एनवीएस-दो) को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है।
3 -यह उपग्रह स्थलीय, हवाई और समुद्री नेविगेशन तथा सटीक कृषि आदि में सहायता करेगा।
4 -नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन भारत की स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली है जिसे भारत में उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1500 किलोमीटर आगे तक फैले क्षेत्र को सटीक स्थिति, वेग और समय (पीवीटी) सेवा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।
उपरोक्त में से सही है -
(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

29 -भारत ने निम्न में से किसके साथ less (local currency settlement system) हस्ताक्षरित किया है।
(a) सऊदी अरब
(b) कुवैत
(c) आस्ट्रेलिया
(d) सयुक्त अरब अमीरात

30 -कथन -electoral bond को ऋण प्राप्त करने के लिए गिरवी रखा जा सकता है।

कारण -hybrid bond को शेयर में परिवर्तित किया जा सकता है

31 -निम्नलिखित में से कौन सी भारत में legal tendar नहीं है -

1 -सरकारी प्रतिभूति और ट्रेजरी बिल

2 -सरकारी कम्पनियो के bonds

3 -पुराने महात्मा गाँधी श्रखला के 500 और 1000 के नोट

(a) 1, 2

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) 1,2,3

32 -ऋग्वैदिक आर्यों और सिंधु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1 -ऋग्वैदिक आर्य युद्ध में हेलमेट और कोट का इस्तेमाल करते थे जबकि सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों द्वारा इनके इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिलता है।

2 -ऋग्वैदिक आर्य सोना, चाँदी और तांबा से परिचित थे, जबकि सिंधु घाटी के लोग केवल तांबा और लोहे से।

3 -ऋग्वैदिक आर्यों ने घोड़े को पालतू बनाया था, जबकि सिंधु घाटी के लोगों द्वारा इस जानवर के उपयोग के बारे में कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं होता है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

IAS
Keeping its promise of excellence

33 - निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य बुद्ध के जीवन से जुड़ा था?

1 -अवंती

2 -गांधार

3 -कोशल

4 -मगध

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1, 2, 3

(b) 2 ,4

(c) 3 ,4

(d) 2 ,3 ,4

34 -निम्न कथनो विचार करो -

1 -गुलियन बरै सिंड्रोम (जीबीएस)एक दुर्लभ ऑटोइम्यून स्थिति है जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर के परिधीय तंत्रिका तंत्र (पेरिफेरल नर्वस सिस्टम) पर हमला करती है जिससे शरीर में सुन्नता और मांसपेशियों की कमजोरी उत्तप्न्न हो जाती है।

2 - जीबीएस के अधिकांश मामलों में मानव और पोल्ट्री व मवेशियों के आंत में रहने वाला कैम्पिलोबैक्टर जेजुनाई बैक्टीरिया प्रमुख कारण बनता है।

3 - मानव या मवेशी मल से दूषित वाटर सप्लाई कैम्पिलोबैक्टर जेजुनाई के प्रसार का माध्यम बन सकता है ।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प

(b) केवल दो विकल्प

(c) तीनो विकल्प

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

35 - डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 - 2005 के दौरान भारत में मलेरिया के 2.43 करोड़ मामले सामने आए थे, जो 2023 में 92 फीसदी की गिरावट के साथ घटकर 20.4 लाख रह गए हैं।

2 -2005 में मलेरिया की वजह से भारत में 32,582 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। वहीं 2023 में मौतों का यह आंकड़ा घटकर 3,461 रह गया है।

3 -जॉर्जिया 2025 में मलेरिया मुक्त होने वाला पहला देश बना है अब तक दुनिया के 45 देशों को मलेरिया मुक्त घोषित किया जा चुका है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

36 - रामसर कन्वेंशन के तहत मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि शहरों के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शहर है

1 -इंदौर 2 -भोपाल 3 -उदयपुर 4 -दिसपुर

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1 ,2
(b) 1 ,2 ,3
(c) 1 ,3
(d) 1 ,2 ,3 ,4

37 - यदि अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के एक आर्द्रभूमि को 'मोंट्रेक्स रिकॉर्ड' के अंतर्गत लाया जाता है, तो इसका क्या अर्थ है?

(A) मानवीय हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप आर्द्रभूमि के पारिस्थितिक स्वरूप में परिवर्तन हुआ है, हो रहा है या होने की संभावना है।

(B) जिस देश में आर्द्रभूमि स्थित है उसे आर्द्रभूमि के किनारे से पाँच किलोमीटर के भीतर किसी भी मानवीय गतिविधि को प्रतिबंधित करने के लिये एक कानून बनाना चाहिये।

(C) आर्द्रभूमि का अस्तित्व इसके आसपास रहने वाले कुछ समुदायों की सांस्कृतिक प्रथाओं एवं परंपराओं पर निर्भर करता है और इसलिये वहाँ की सांस्कृतिक विविधता को नष्ट नहीं किया जाना चाहिये।

(D) इसे 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा दिया गया है।

38 -निम्नलिखित में से कौन-से भौंगोलिक क्षेत्र में जैवविविधता के लिये संकट हो सकते हैं?

1 -वैश्विक तापन
2 -आवास का विखण्डन
3 -विदेशी जाति का संक्रमण
4 -शाकाहार को प्रोत्साहन

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

39 -जैवविविधता निम्नलिखित तरीकों से मानव अस्तित्व का आधार बनाती है-

1 -मृदा निर्माण
2 -मृदा अपरदन की रोकथाम
3 -अपशिष्ट का पुनर्चक्रण
4 -फसलों का परागण

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

40 -कैलिफोर्निया दावानल के पीछे निम्न में से कौन -कौन से कारण उत्तरदायी माने गए है -

1 -सांता एना पवनें जो अक्टूबर से जनवरी तक दक्षिणी कैलिफोर्निया तट की ओर बहती हैं।

2 -पर्वतीय स्थलाकृति जब ऊंचाई से  वायु नीचे उतरती है तो अधिक वायुमंडलीय भार के कारण सिकुड़ती है तथा तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड प्रति 1000 मीटर की दर से बढ़ता है। इसे शुष्क रुद्धोष्म (एडियाबेटिक) दर कहते है।

3 -कैलिफोर्निया में भूमध्य सागरीय जलवायु पाई जाती है जिसमें शीतकाल में वर्षा होती है एवं ग्रीष्मकाल शुष्क होता है। इस वर्ष की असामान्य रूप से शुष्क सर्दियों ने लॉस एंजिलिस में वनस्पति को सुखा दिया, जिससे यह जंगल की आग के लिए ईंधन बन गई है।

4 -यहां झाड़ीनुमा चैपरल वनस्पति पाई जाती हैं। जो शुष्क मौसम जल्दी आग पकड़ती है।

5 -इस क्षेत्र में लकड़ी से बने भूकंपरोधी घर बने हैं। जिससे आग आस-पड़ोस में तेजी से फैलती है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1 ,2 ,3
(b) 2 ,3 ,5
(c) 3 ,4 ,5
(d) उपरोक्त सभी

41 -निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -कैलिफोर्निया के जंगलों में आग को बुझाने के लिए जिस  फॉस-चेक (अग्निरोधी) का उपयोग किया जा रहा  हैं,उसमे अमोनियम पॉलीफॉस्फेट जैसे लवण और क्रोमियम और कैडमियम जैसी जहरीली धातुएं होती हैं, जो मनुष्यों में कैंसर, किडनी और लीवर की बीमारियों का कारण बन सकता है।

2 -अग्निरोधी में गुलाबी रंग मिलाया जाता है, ताकि फायर फाइटर्स इसे धरातल पर पहचान सकें।

3 -फ़ॉस-चेक पौधों के पदार्थ से प्रतिक्रिया करके गर्मी को सोख लेता है और एक गैर-ज्वलनशील परत बनाता है जिससे आग फैलने से रुकती है

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल  एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d)  उपरोक्त में से कोई नहीं

42 -शासन के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:-

1 -प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्वाह को प्रोत्साहित करना
2 -उच्च शिक्षण संस्थान का निजीकरण
3 - नौकरशाही का डाउन-साइजिंग
4 - सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के शेयरों को बेचना/बंद करना

उपर्युक्त में से किसका उपयोग भारत में राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के उपायों के रूप में किया जा सकता है

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) केवल 3 और 4

43 - निम्नलिखित में से कौन-सा अपने प्रभाव में सबसे अधिक मुद्रास्फीतिकारक हो सकता है?

(a) सार्वजनिक ऋण की चुकौती

(b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये जनता से उधार लेना
(c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये बैंकों से उधार लेना
(d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये नई मुद्रा का सृजन करना

44 -प्राचीन भारत में देश की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 'श्रेणी' संगठन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

1 -प्रत्येक श्रेणी राज्य की एक केंद्रीय प्राधिकरण के साथ पंजीकृत होती थी और प्रशासनिक स्तर पर राजा उनका प्रमुख होता था।

2 -'श्रेणी' ही वेतन, काम करने के नियमों, मानकों और कीमतों को सुनिश्चित करती थी।

3 -श्रेणी' का अपने सदस्यों पर न्यायिक अधिकार होता था।

उपरोक्त में सही है
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

45 -भारतीय न्यायपालिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:-

1 -भारत के राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से भारत के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा उच्चतम न्यायालय से सेवानिवृत्त किसी न्यायधीश को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर बैठने और कार्य करने हेतु बुलाया जा सकता है।

2 -भारत में किसी भी उच्च न्यायालय को अपने निर्णय के पुनर्विलोकन की शक्ति प्राप्त है, जैसा कि उच्चतम न्यायालय के पास है।

उपरोक्त में से सही है
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

लक्ष्य IAS
Keeping its promise of excellence

46 -26 जनवरी, 1950 को भारत की वास्तविक संवैधानिक स्थिति क्या थी-
(a) एक लोकतांत्रिक गणराज्य
(b) एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य
(c) एक संप्रभु धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य
(d) एक संप्रभु समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य

47 -निम्नलिखित में से कौन "महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम" से लाभ पाने के पात्र हैं?
(A) केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवारों के वयस्क सदस्य।
(B) गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के परिवारों के वयस्क सदस्य।
(C) सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य।
(D) किसी भी घर के वयस्क सदस्य।

48 -धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान ( DAJGUA ) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -इस अभियान का उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में व्याप्त अंतराल को समाप्त करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों का समग्र और सतत विकास करना है।

2 -यह अभियान 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 63,843 गांवों में लागू होगा जिससे 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ मिलेगा।

3 -मिशन में 25 मध्यवर्ती शामिल हैं जिन्हें अगले 5 वर्षों में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (Development Action Plan for Scheduled Tribes-DAPST) के तहत आवंटित निधियों के

माध्यम से 17-संबद्ध मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है।

4 -अभियान के अंतर्गत जनजातीय गृह-प्रवास (होम स्टे),सतत आजीविका वन अधिकार धारक सरकारी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के बुनियादी ढांचे में सुधार ,विकसित सिकल सेल रोग के निदान हेतु सुविधाएं और जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र (TMMC) जैसी योजनाओ को प्राथमिकता दी जाएगी ।

5 - 2 oct 2024 को यह अभियान रांची से प्रारम्भ किया गया है ।

उपरोक्त में से सही है -

(a) 1 ,2 ,3
(b) 2 ,3 ,5
(c) 3 ,4 ,5
(d) उपरोक्त सभी

49 -विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTGs) के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 -ढेबर आयोग की सिफारिश पर 1975 में भारत सरकार ने अनुसूचित जनजातियो में से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTGs) की एक अलग श्रेणी बनाई थी जिसमे अब 75 समुदाय शामिल है ।

2 -पीएम जनमन को 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रारम्भ किया गया है ।

3 -पीएम जनमन का उद्देश्य सभी जनजातीय समूहों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है ।

4 -विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTGs) में सहरिया की आबादी सबसे अधिक है जबकि संथाली और अंडमानी की आबादी सबसे कम है।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है

लक्ष्य IAS

50 -15 अगस्त 2023 से प्रारम्भ 'लखपति दीदी योजना के संबंध में निम्न कथनो पर विचार करो -

1 - लखपति दीदी योजना महिलाओं के लिए एक स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम है।

2 -योजना के तहत महिलाओं को सरकार पांच लाख रुपये का लोन देती है यह ब्याज मुक्त लोन होता है।

3 -योजना के लिए महिला को स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना आवश्यक है।

4 -योजना में 18 से लेकर 50 साल तक की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। वे महिलाएं जिनके परिवार में किसी की सरकारी नौकरी है वे इस स्कीम का लाभ नहीं ले सकती हैं।

उपरोक्त में से सही है -

(a) केवल एक विकल्प
(b) केवल दो विकल्प
(c) तीनो विकल्प
(d) चारो सही है